# एडिशनल स्नातक डिग्री उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी रीट 2021 में शामिल होंगे

## राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर का अहम आदेश

**सादुलपु/जोधपुर, (निसं)।** शनिवार को राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर ने एडिशनल स्नातक डिग्री उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को वर्तमान में जारी रीट भर्ती-2021 में शामिल करने का अहम आदेश जारी किया है। इसके साथ ही उक्त डिग्री उत्तीर्ण हजारों अभ्यर्थियों की दौडधूप और असमंजस की स्थिति पर विराम लग गया है। चूरू जिले के रघुनाथपुरा निवासी सूर्यप्रकाश एचरा व अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर मुख्य याचिका की सुनवाई के दौरान जस्टिस अरुण भंसाली की अदालत ने उक्त आदेश पारित करते हुए एडिशनल स्नातक डिग्री उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल करने का आदेश पारित किया है।

उक्त प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने इन अभ्यर्थियों के पक्ष में स्टे आदेश दिया हुआ है। इसके बावजूद नई विज्ञप्ति में भर्ती की नोडल एजेंसी निदेशालय बीकानेर ने उक्त डिग्री उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया से


- **चूरू निवासी सूर्यप्रकाश एचरा की ओर से दायर याचिका पर दिया आदेश**

बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिस पर हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के एडवोकेट की दलीलों से सहमत होते हुए उक्त डिग्री उत्तीर्ण प्रदेश के सभी बेरोजगारों को रीट-2021 की भर्ती में शामिल करने का आदेश दिया है। साथ ही इस बाबत निदेशालय को वर्तमान में जारी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन हेतु आदेशित किया है। रीट भर्तियों पर करीबी जानकारी रखने वाले वेदपाल धानोठी के मुताबिक उक्त डिग्री उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थियों को रीट भर्ती-2016 व 2018 में शामिल किया गया था।

गत वर्ष राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर की खंडपीठ ने उक्त डिग्री उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अपात्र करार दिया था लेकिन खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश देते हुए खंडपीठ के आदेशों को लागू करने पर रोक लगाई हुई है और मामले का अंतिम निस्तारण सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया जाना है। ऐसी स्थिति में हाई कोर्ट का ताजा निर्णय एडिशनल स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए संजीवनी के समान है।

# रीट प्रकरण : एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने सांचोर डाक बंगले में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

## एडीजी ने ली तीन जिलों के एसपी की बैठक



एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ सांचौर पहुंचे।

**जालोर, (कासं)।** रीट पेपर लिक मामले के तार जालोर जिले से जुड़े होने से एसओजी ने जालोर में डेरा जमा कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। रीट पेपर लिक का मास्टर माइंड जालोर का उदाराम विश्नोई की गिरफ्तार के बाद जालोर जिले के तीन शिक्षकों को निलम्बित करने के साथ शनिवार को एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने सांचोर डाक बंगले में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर पेपर लिक मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तेज करने को लेकर रणनीति तैयार की।

सांचोर के नर्मदा डाक बंगले में एसओजी के डीआईजी अशोक कुमार राठौड ने तीन जिलों के एसपी से रीट प्रकरण को लेकर करीब ढ ाई घण्टे बैठक लेकर इस मामले में वांछितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने व मामले की बारीकी से जांच में पुलिस व एसओजी के संयुक्त प्रयास से कार्यवाही को अमलीजामा देने की बात कही। इस दौरान बैठक में बाडमेर एसपी दीपक भार्गव, सिरोही एसपी धर्मेंद्र सिंह, जालोर एसपी के प्रतिनिधि के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जेनिया व साँचोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दशरथसिंह, एसओजी अतिरिक जोधपुर विरेन्द्रसिंह सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने भाग लिया।

एसओजी के एडीजी अशोक कुमार राठौड बैठक समाप्त होने के बाद कहा कि तीन जिलो के पुलिस अधिकारियों की उक्त मामले में आपसी सामजस्य से कार्य करने के उददेश्य से बैठक का आयोजन किया गया। ताकि इस परीक्षा में लिप्त कोई भी आरोपी छूट नहीं सके।


रीट पेपर लिक मामले में जालोर जिले के किलवा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता उदाराम विश्नोई को गिरफ्तार करने के बाद इस मामले से जुड़े कई लोग भूमिगत हो गये थे। सांचोर के सांगडवा निवासी व्याख्याता शैतानसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूराचंद में कार्यरत है। वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राह में कार्यरत वाडा भाडवी निवासी चुन्नीलाल विश्नोई व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फागोतरा में कार्यरत प्रबोधक चुन्नीलाल पुरोहित की भूमिका पेपर हल करने सहित अन्य गतिविधियों में होने पर एसओजी ने अपने कब्जे में लेकर पुछताछ शुरू की। वही शिक्षा विभाग ने उदाराम सहित इन तीनो शिक्षको का निलम्बन आदेश जारी कर दिया।

# बूंदी आबकारी विभाग का सीआई 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**बूंदी, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने शुक्रवार रात 12 बजे नई मंडी रोड स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय के पास से बून्दी आबकारी विभाग में कार्यरत सीआई विनोद कुमार शर्मा को बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

कोटा एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ठाकुर चन्द्रशील ने बताया कि आशीष मंयक पुत्र नरेन्द्र कमार मंयक भीतारिया कुण्ड कोटा ने एसीबी में दो जनवरी को आबाकारी सीआई द्वारा परिवादी व उसके पार्टनर भरत कोठारी की ठीकरदा स्थित कम्पोजिट शराब की लाईसेंसशुदा दुकान जिसका नौकरनामा मेरे ही नाम है। 27 जनवरी को मेरी दुकान ठीकरदा पर आबकारी बून्दी के डी.ओ. साहब, सीआई विनोद शर्मा व अन्य स्टॉफ के साथ आये थे।

सीआई विनोद शर्मा छह पेटियां शराब की दुकान से ले गये और मुझे व मेरे सेल्समैन हंसराज गुर्जर को झूठे केस में नहीं फंसाने की एवज में एक केस व पच्चीस हजार रुपये व मंथली छह हजार रूपये प्रति माह और देने की मांग कर रहे हैं। परिवादी की शिकायत पर गोपनीय रिश्वत मांग पर दो फरवरी को सत्यापन करवाया गया तो आरोपी द्वारा 25000 रुपये रिश्वत की मांग करना पाया गया। रिश्वत मांग पर अग्रिम कार्रवाईकरते हुऐ शुक्रवार को बून्दी कृषि उपज मण्डी के पास परिवादी से रिश्वत की राशि पच्चीस हजार रूपये प्राप्त कर परिवादी के अनुरोध पर पांच हजार रुपये वापिस लौटाये।



घूसखोर सीआई

# सड़क हादसे में दो की मौत

**टोंक, (निसं)।** मेगा स्टेट हाइवे डिग्गी-सोहैला 117 पर टोल से कुछ ही दूरी पर भीषण हादसे से एक महिला व एक व्यक्ति की मौत हो गई व एक व्यक्ति गभीर घायल हो गया।

बरोनी थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि डीजल टैंकर व बोलेरो की भीषण टक्कर हो गई जिसमें टोडारायसिंह निवासी सचिंत उर्फ अक्कू पुत्र सुरेन्द्र कुमार जैन, विमला देवी पत्नी ओमप्रकाश बोलेरो से शादी के कार्ड बाटने रिश्तेदार बाडा पदमपुरा जा रहे थे। जिन्हें डीजल टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई।

# अनियंत्रित होकर पिकअप गाड़ी पलटी, 10 लोग हुए घायल



अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप।

**चौंमू / कालाडेरा, (निसं)।** शनिवार को एक पिकअप गाड़ी रेनवाल थाना क्षेत्र के बधाल-इटावा रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप गाड़ी में बैठे 10 लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर रेनवाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवाया गया। जहां पर घायल हुए लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने इलाज प्रारंभ किया व दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। रेनवाल थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप को बीच रोड से साइड करवा कर ट्रैफिक को चालू करवाया। जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी में 10 लोग इटावा से कैटरिंग का

- **पिकअप गाड़ी से शादी समारोह में कैटरिंग का काम करने जा रहे थे मजदूर**
- **2 मजदूरों की हालत गंभीर होने पर जयपुर किया रेफर**

सामान लेकर सीकर जिले के लांबिया गांव में शादी समारोह में जा रहे थे। इटावा पेट्रोल पंप के पास पिकअप का अचानक बैलेंस बिगडने से गाडी रोड के बीचों-बीच पलट गई। हादसे में गाडी में बैठे लोगों घायल हो गए और कैटरिंग का सामान टूटकर सडक पर बिखर गया।


# बाइपास रोड नहीं बनने से रींगस में रहता है जाम

**रींगस, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सीकर जयपुर बाईपास का काम तय समय में नहीं होने का खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। वहीं भारी ट्राफिक की वजह से लोग सड़क पार नहीं कर पा रहे।

शनिवार को शहर का मुख्य मार्ग वाहनों की वजह से जाम से जूझता रहा।

- **सीकर जाने वाले वाहन रींगस होकर जा रहे हैं**

रही सही कसर पत्थरों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का हुक टूट जाने से ओवर ब्रिज पर जाम और बढ गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया। वहीं शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजमार्ग 52 की सीकर जयपुर पुलिया से क्षतिग्रस्त थी। ऐसे में जयपुर से सीकर की तरफ जाने वाले वाहनों को रींगस होकर गुजारा जा रहा है। दो दिन से श्याम मंदिर के कपाट खुलने तथा बसंत पंचमीं का सावा होने की वजह से यातायात का दवाब और बढ़ गया।



रींगस में जाम का एक नजारा, चारों ओर वाहनों की रेलमपेल।

# पहली से पांचवीं तक स्कूल खुलने पर संशय बरकरार

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में छठी से नौवी के स्कूल दस फरवरी से खुल जाएंगे लेकिन पहली से पांचवीं तक के स्कूल खुलने का रास्ता अभी साफ नहीं हो पाया है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल की सलाह को केंद्र सरकार ने लागू किया तो राजस्थान के महज तीन जिलों में ही सभी स्कूल खुल पाएंगे। दरअसल, डॉ. पॉल ने उन्हीं जिलों में स्कूल खोलने की सलाह दी है, जहां पॉजिटिव रेट पांच पर्सेंट से कम है।

राजस्थान में सिर्फ दौसा, करौली और जालोर में ही पॉजिटिव रेट पांच प्रतिशत से कम है, शेष तीस जिलों में पांच पर्सेंट से ज्यादा पॉजिटिव केस आ रहे हैं। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय ने अब तक किसी तरह की गाइडलाइन जारी नहीं की है जबकि नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल ने स्कूल खोलने की आवश्यकता जताई है। शुक्रवार तक देश के करीब सत्तर जिलों में ऐसे हालात थे, जहां सभी स्कूल खुल सकते थे। राजस्थान में पांच तो क्या दस पर्सेंट से कम पॉजिटिव रेट वाले जिले भी महज आठ है।

बीकानेर, चूरू, नागौर, बाडमेर और झुंझुनूं में पांच से ज्यादा और दस से कम पर्सेंट पॉजिटिव रेट है। ऐसे में अगर सरकार नीति आयोग की सिफारिश से दो गुना पॉजिटिव रेट पर भी स्कूल खोलती है तो महज आठ जिलों में ही स्कूल खुलेंगे। अगर नीति आयोग की सिफारिश मानने का दबाव बनाया गया तो राज्य के 25 जिलों में स्कूल खुलना मुश्किल हो जाएगा।

# उदयपुर में कोरोना से दो मौतें

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में शनिवार को कोरोना से दो जनों की मौत हो गई। जिले के निजी चिकित्सालय में भर्ती एक 73 वर्षीय व एक 67 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई है। जांच रिपोर्ट में दोनों में कोरोना से मौत होने की पुष्टि हुई है। जिले में अब तक 773 मौते हो चुकी है। वहीं जिले में 341 पॉजीटिव मिले है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 2766 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 2425 नेगेटिव व 341 पॉजीटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 121 संक्रमितों में 11 कोरोना वॉरियर्स, 44 क्लॉज कॉन्टेक्ट व 66 नए केस है।

# फर्जी टैग लगा जींस व टी-शर्ट बचने वाली फर्म पर कार्रवाई

**अलवर, (निसं)।** यूएस पोलो व सुपर ड्राई जैसी नामी कंपनी के फर्जी टैग लगा कर बाजार में आए दिनों ग्राहकों से ठगी होती है। जिसका नमूना अलवर शहर में सामने भी आया है। एक ही दुकान से करीब 700 से अधिक जींस व टीशर्ट नामी कंपनियों की जब्त की गई। जिन पर नकली टैग लगे थे। माल ऑरिजनल कंपनी का नहीं था केवल टैग लगा उसे नामी कंपनी का बता कर ग्राहकों को बेचा जाता था।

इस मामले में कोतवाली पुलिस को साथ लेकर लीगल कंपनी ने कार्रवाई की। कई लाख रुपए का सामान जब्त किया। खास बात यह सामने आई कि बहुत से लोगों को नामी कंपनी की जींस बता कर मोटी रकम वसूली भी होती है। आस-पास के ग्रामीण इलाकों और कस्बों के लोगों को यह माल बडी तादाद में बेचा जाता है।

बाजार में बडी कंपनियों के डुप्लीकेट टैग लगा कर जींस व टीशर्ट बेचने वाली बजाजा बाजार स्थित विवान एजेंसी फर्म पर लीगल कंपनी ने पुलिस को साथ लेकर बडी कार्रवाई की है। एक दुकान से 700 से अधिक जींस व टीशर्ट जब्त की हैं। असली ब्रांड के नाम पर नकली सामाने बेचने के मामले में बडी कार्रवाई से दुकानदारों में हडकंप भी मचा रहा। यह कार्रवई शुक्रवार शाम को की गई।

कंपनी के मैनेजर मोहित बजाज ने बताया कि उनकी कंपनी यूएस पोलो व सुपर ड्राई सहित कई कंपनियों का लीगल काम देखती है। उनको सूचना मिली थी कि अलवर में उनकी कंपनी के नकली ब्रांड बेचे जा रहे हैं। यहां एक बड़ी दुकान पर पुलिस की सहायता से छापा मारा है। सैकडों जींस व टीशर्ट मिले हैं आगे भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। ताकि आमजन से ठगी नहीं हो सके। कोतवाली थाना प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि कॉपीराइट के तहत कार्रवाई की गई है।



कोतवाली पुलिस ने दुकान से टैग लगे जींस व टी-शर्ट जब्त की।

# भू-माफिया जेडीए व निजी काश्तकार की जमीन पर धड़ल्ले से कर रहे अतिक्रमण

## काश्तकार के परिवार पर हमला कर तीन जनों को घायल किया

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी क्षेत्र के कानोता थाना इलाके में भू-माफियाओं न तो जेडीए की परवाह है और ना ही पुलिस की। वे कानोता थाने से महज 1 किलोमीटर दूर बगराना में नदी के बहाव क्षेत्र में सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण कर कॉलोनी बसाने की तैयारी को अंजाम दे रहे हैं।

क्षेत्र के पुराना बगराना गांव श्मशान घाट के पास खसरा नंबर 181 जिसका रकबा लगभग 7 बीघा पक्की के लगभग है जो वर्तमान में नदी एवं जेडीए के नाम सिवायचक में दर्ज है लेकिन वन एवं पर्यावरण विभाग समेत जेडीए एवं पुलिस की उदासीनता के चलते भूमाफिया इस जमीन को हथियाने में लगे हैं। भू माफियाओं का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि शनिवार को उन्होंने खसरा नंबर 181 के नजदीकी जमीन के काश्तकार लक्ष्मीनारायण शर्मा के परिवार पर धावा बोलते हुए उनके परिवार की महिलाओं, बच्चों एवं युवकों को भी डंडों से पीटा जिसमें लक्ष्मीनारायण के परिवार के 3 लोगों के गंभीर चोटें भी आई है।

इस मामले में भी शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कानोता थाने में बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा को कल्लू शर्मा, हेमराज शर्मा, भगवान सहाय निठारवाल, रमेश निठारवाल, अनिल शर्मा समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जमीन पर कोर्ट स्टे होने के बावजूद भी भू माफिया बेखौफ होकर जमीन पर दिनोंदिन अतिक्रमण कर अपना कब्जा जमाते जा रहे हैं। लेकिन कानोता थाना पुलिस की ओर से इस मामले में भू माफियाओं के खिलाफ कोई कारवाई नहीं कर रही है।

गौरतलब है तकरीबन 20 दिन पहले भी जेडीए द्वारा अतिक्रमण को ध्वस्त करने के बावजूद भू-माफियाओं ने एक बार फिर पक्का निर्माण कर कमरे बना लिए हैं। इतना ही नहीं ये भू माफिया सरकारी जमीन के साथ-साथ इससे सटी निजी खातेदारी जमीनों पर भी धडल्ले से कब्जा करने की कोशिश में लगे हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि कानोता थाना इंचार्ज को कई बार लिखित में शिकायत के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की ग्रामीणों का ये भी कहना है ये भूमाफिया गैंग फर्जी दस्तावेज तैयार कर बाहर से उठाईगिरे एवं बदमाश लाकर सरकारी जमीनों के साथ-साथ कमजोर एवं भोले-भाले लोगों की जमीनों पर कब्जा करने में लगे हुये हैं। शनिवार को सैकडों लोगों ने समाजसेवी बाबूलाल टीलावाला के साथ इकट्ठे होकर इन भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये कानोता थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए बस्सी एसीपी मेघचन्द मीणा को ज्ञापन दिया।



कानोता थाना क्षेत्र में भू माफिया के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया।

- **इस मामले में सैकड़ों ग्रामीणों ने कानोता थाने में बस्सी एसीपी को नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया**

# आर.पी.वी.टी. में दो नये कॉलेज को मिली प्रवेश की अनुमति

**बीकानेर, (कासं)।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध स्टेट कोटा सीटों पर बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2021-22) में प्रवेश आवंटन हेतु आर.पी.वी.टी.-2021 ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है।

चेयरमैन, केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल प्रो. आर.के. सिंह ने बताया कि बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध दो निजी महाविद्यालय महात्मा गांधी वेटरनरी कॉलेज, भरतपुर एवं आर.आर. कॉलेज ऑफ वेटरनरी एण्ड एनिमल साइंस, देवली (टोंक) को भी प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की गई है। अतः संबंधित अभ्यर्थी यदि चाहे तो अपने पूर्व में भरे ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फॉर्म में इन नये महाविद्यालयों की प्राथमिकता को सम्मिलित करते हुए अपनी कॉलेज प्राथमिकता क्रम को नये सिरे से भर कर दोबारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सबमिट कर सकते हैं। नये अभ्यर्थी अपनी कॉलेज एवं सीट प्रकार की प्राथमिकता भरकर अपने ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फॉर्म को विवि. की वेबसाइट पर सबमिट कर सकते हैं। इस प्रक्रिया की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 10 फरवरी तक रहेगी।

# बूंदी कोर्ट में तैयार पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर आज सुबह दिल्ली पहुंचेगा हितेन्द्र का शव

**बूंदी, (निसं)।** पिछले छह माह से अधिक अधिक समय से रूस में मृत राजस्थान के उदयपुर जिले के निवासी भारतीय नागरिक स्व. हितेंद्र गरासिया की दिवंगत देह शुक्रवार को परिवार के पास भारत लाने के लिये हिंदू धर्म के अनुसार दाह संस्कार के लिये कब्र से बाहर निकाली गयी। आखिर रविवार को सुबह नई दिल्ली पहुंचेगा हितेन्द्र का शव। इस ऐतिहासिक घटना में दिवंगत देह को कब्र से बाहर निकालने की सारी कार्यवाही बूंदी में तैयार दस्तावेजों के आधार पर की गयी।

मामले में कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा गत दिनो वे पीड़ित परिवार को लेकर एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से भी मिले थे। जिसके बाद प्रियंका गांधी ने इसे बेहद संवेदनशील मामला बताते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिवंगत देह को दाह संस्कार के लिए भारत लाने की मांग की थी।

मामले में भारत सरकार की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया है कि स्व. हितेंद्र गरासिया का शव एफएसएल जांच के लिए रूस की जांच एजेंसी के पास रखा हुआ है। वहीं 20 दिसंबर को हाईकोर्ट ने अगली सुनवायी में भारत सरकार के ऊपर रूस में शव को दफनाने में सहमति देने पर रोक लगा दी। 20 दिसंबर को भारत सरकार आधिकारिक रूप से कह रही थी कि शव रूस की जांच एजेंसी के पास रखा हुआ है लेकिन हाईकोर्ट के दफनाने में रोक लगाते ही सामने आया कि शव तो पहले ही दफना दिया गया था। इसके बाद शर्मा इस बात पर अड़ गये कि स्व. हितेंद्र गरासिया की दिवंगत देह को कब्र में से ही निकाल कर भारत लाया जाये।

बूंदी में ही स्व. हितेंद्र गरासिया की धर्मपत्नी आशा गरासिया की ओर से रशियन जांच एजेंसी के सीनियर इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर शिमोनोवा एमए के नाम कब्र से दिवंगत देह को बाहर निकालने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करने का रास्ता निकाला गया। 31 दिसंबर 2021 को बूंदी कोर्ट में पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार हुयी। भारत सरकार के नोटरी बाबूलाल शर्मा ने जहां पावर ऑफ अटॉर्नी को नोटरी किया। वहीं कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने आईडेंटिफाई किया। बूंदी में तैयार उस पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर ही रूस में दिवंगत देह को कब्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया चली और अंततः शुक्रवार को कब्र से बाहर निकाला लिया गया।